राज्य राजधानी क्षेत्र और लखनऊ में मेट्रो के दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू

समीक्षा बैठक

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि एनसीआर की तरह राज्य राजधानी क्षेत्र का गठन किया जाए। लखनऊ में मेट्रो के दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू की जाए। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, आवास विकास परिषद व सभी शहरी विकास प्राधिकरणों की समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर 'उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र' का गठन किया जाए। इस राज्य राजधानी क्षेत्र में लखनऊ के साथ-साथ उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, बाराबंकी, कानपुर नगर और कानपुर देहात को शामिल किया जा सकता है। नगर निगम के लखनऊ के दायरे को विस्तार दिया जाए। सीएम ने निर्देश दिए कि लखनऊ मेट्रो के अगले चरण के विकास का प्रस्ताव तैयार कर एक सप्ताह में प्रस्तुत किया जाए।

कार्रवाई तेज करें P02

योगी के निर्देश

1. राज्य राजधानी क्षेत्र के लिए आसपास के जिलों को शामिल कर तैयार करें प्रस्ताव
2. भूमाफियाओं के खिलाफ विकास प्राधिकरण व नगरीय निकाय और तेज करें कार्रवाई
3. अयोध्या को सोलर सिटी बनाएं ताकि दुनिया को दिया जा सके ऊर्जा संरक्षण का संदेश
4. निवेश, रोजगार और नवाचार के लिए स्वत: स्फूर्त प्रयास करें विकास प्राधिकरण
5. अवध शिल्पग्राम की उपयोगिता बढ़ाएं, हुनर हाट जैसे आमजन के लिए उपयोगी प्रदर्शनी लगाई जानी चाहिए